**फाइल सं.- ए-12039/02/2025-स्था.III**

भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

**विज्ञापन सं. डीएसटी/06/2025 - स्था.III**

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में सीधी भर्ती के आधार पर वैज्ञानिकों के '03' (तीन) पदों को भरने के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:**

1.i. पद का नाम: **वैज्ञानिक** - 'सी'

ii. वेतन मैट्रिक्स में स्तर: वेतन मैट्रिक्स (रुपये 67,700-2,08,700/-) में स्तर -11

iii. रिक्तियों की कुल संख्या: दो (02)

iv. पद की प्रकृति: स्थायी

v. शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं :

| क्रम सं. | विषय | रिक्तियों की संख्या | संबंधित विषय हेतु अनिवार्य/वांछनीय योग्यताएं |
|---|---|---|---|
| 1. | इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरी | 01 | अनिवार्य:<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री (न्यूनतम चार वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम) या समकक्ष।<br><br>वांछनीय:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री या समकक्ष। |

Cont. Pg 2

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | जैविक<br><br>विज्ञान /<br><br>जैव प्रौद्योगिकी | 01 | **<u>जैविक विज्ञान के लिए</u>**<br><br>अनिवार्य:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से जैविक विज्ञान में मास्टर डिग्री या समकक्ष।<br><br>वांछनीय:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से जैविक विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री या समकक्ष।<br><br>**<u>जैव-प्रौद्योगिकी के लिए</u>**<br><br>अनिवार्य:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से जैव प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री (न्यूनतम चार वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम) या समकक्ष।<br><br>वांछनीय:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से जैव प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री या समकक्ष। |

vi. **<u>अनुभव:</u>**

औद्योगिक या शैक्षणिक संस्थान या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठन में अनुसंधान और विकास में चार वर्षीय का अनुभव।

**2.** i. <u>पद का नाम</u>: **वैज्ञानिक - 'डी'**

ii. <u>वेतन मैट्रिक्स में स्तर:</u> वेतन मैट्रिक्स (रुपये 78800-209200/-) में स्तर -12

iii. <u>रिक्तियों की कुल संख्या</u>: **01 (एक)**

iv. <u>पद की प्रकृति</u>: **स्थायी**

v. <u>शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं:</u>

Cont. Pg 3

| क्रम सं. | विषय | रिक्तियों की संख्या | संबंधित विषय हेतु अनिवार्य/ वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | सामग्री इंजीनियरी या सामग्री विज्ञान और इंजीनियरी या धातुकर्म इंजीनियरिंग | 01 | **अनिवार्य**:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से सामग्री इंजीनियरी या सामग्री विज्ञान और इंजीनियरी या धातुकर्म इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री (न्यूनतम चार वर्षीय डिग्री कोर्स) या समकक्ष।<br><br>वांछनीय:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से सामग्री इंजीनियरी या सामग्री विज्ञान और इंजीनियरी या धातुकर्म इंजीनियरी में मास्टर डिग्री या समकक्ष। |

vi. **<u>अनुभव</u>:**

औद्योगिक या शैक्षणिक संस्थान या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठन में अनुसंधान और विकास में आठ वर्ष का अनुभव।

**टिप्पणी:** वैज्ञानिक 'सी' और वैज्ञानिक 'डी' के पदों के लिए, न्यूनतम अनिवार्य योग्यता धारण करने में व्यतीत अवधि अनुभव में नहीं जोड़ी जाएगी। किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से डॉक्टरेट की डिग्री (अनिवार्य योग्यता के क्षेत्र में) प्राप्त करने में व्यतीत की गई अवधि, जैसा कि ऐसे विश्वविद्यालय या संस्थान द्वारा प्रमाणन द्वारा प्रमाणित हो, डॉक्टरेट की डिग्री पूरी होने के अध्यधीन और अधिकतम दो वर्ष की अवधि अनुभव के रूप में गिनी जाएगी। यदि डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान नहीं की गई है, तो डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने में व्यतीत की गई अवधि को किसी भी उद्देश्य के लिए अनुभव में नहीं गिना जाएगा। हालाँकि, डॉक्टरेट की डिग्री (प्रदान की गई डिग्री) प्राप्त करने में व्यतीत की गई अवधि के दौरान दो वर्ष से अधिक के पूर्णकालिक रोजगार (नियमित या संविदात्मक) के मामलों में, अनुभव केवल रोजगार अवधि के लिए गिना जाएगा, डॉक्टरेट की डिग्री- के लिए नहीं।

**3. <u>आयु-सीमा:</u>**

सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को वैज्ञानिक 'सी'

Cont. Pg 4

के मामले में 35 वर्ष और वैज्ञानिक 'डी' के मामले में 40 वर्ष होगी। केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेशानुसार सरकारी कार्मिकों हेतु ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट दी गई है। आयु सीमा में कोई अन्य छूट केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगी।

**टिप्पणी:** सभी मामलों में आयु-सीमा और पात्रता निर्धारित करने की निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी। **अंतिम तिथि के उपरांत प्रस्तुत पात्रता समर्थक दस्तावेजों (एनओसी को छोड़कर) को आवेदन के भाग के रूप में नहीं माना जाएगा।**

**4. छानबीन और चयन प्रक्रिया:**

छानबीन और चयन प्रक्रिया केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होगी। पात्रता सह-शॉर्टलिस्टिंग समिति और साक्षात्कार बोर्ड आदि की संरचना केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी। यदि आवश्यक माना जाता है, तो शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया में लिखित परीक्षा सम्मिलित होगी, जो सीधे केंद्र सरकार द्वारा या क्षेत्र में अनुभव और विशेषज्ञता रखने वाली किसी अन्य एजेंसी या संगठन के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

**5. सामान्य**

i. विभाग बिना कारण बताए किसी भी समय भर्ती रद्द करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

ii. **वैज्ञानिक 'सी' और वैज्ञानिक 'डी' के पदों के लिए ये रिक्तियां आरक्षण के दायरे से बाहर हैं।**

iii. प्रासंगिक भर्ती नियम (डीएसटी समूह 'ए' राजपत्रित पद (अननुसचिवीय, वैज्ञानिक और तकनीकी) नियम, 2025) डीएसटी वेबसाइट (https://dst.gov.in/administrationfinance/recruitment-cell) पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले इसका अवलोकन करें।

iv. आवेदकों को विभाग की वेबसाइट www.dst.gov.in नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है। भर्ती प्रक्रिया संबंधी कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र या कोई भी अपडेट केवल विभाग की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।

v. अभ्यर्थियों को अपने स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से बहुत पहले ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें और अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें ताकि तिथि समाप्ति के दिनों में वेबसाइट पर भारी लोड के कारण पोर्टल पर लॉग इन करने में असमर्थता या विफलता की संभावना से बचा जा सके।

vi. निर्धारित अनिवार्य योग्यताएं न्यूनतम हैं और केवल इतनी योग्यता का धारण अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने का हकदार नहीं बनाता है। उपरोल्लिखित अनिवार्य और वांछनीय योग्यताओं की 'समतुल्य' योग्यता पर, आवेदनों की जांच करने हेतु गठित उपयुक्त समिति द्वारा, भर्ती नियमों के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए विचार किया जाएगा। यदि विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक है, तो विभाग सुपरिभाषित मानदंड, जिसमें विज्ञापन में निर्धारित से अधिक वांछनीय योग्यता और/अथवा अनुभव और/अथवा विभाग की विशिष्ट आवश्यकतानुसार किसी विशेष क्षेत्र में योग्यता/अनुभव शामिल हो सकता है, के आधार पर चयन प्रक्रिया के माध्यम से साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को उचित सीमा तक सीमित कर सकता है।

Cont. Pg 5

vii. जिन उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया है / नियुक्ति के लिए चयनित नहीं किया गया है, उनसे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। **किसी प्रकार की संयाचना करने से अभ्यर्थिता रद्द हो जाएगी।**

viii. चूंकि साक्षात्कार हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग के मानदंड को न्यूनतम पात्रता मानदंड से और अधिक किया जा सकता है, इसलिए अभ्यर्थियों को **सलाह दी जाती है कि वे अपनी पूर्ण शैक्षिक योग्यता और/अथवा अनुभव प्रस्तुत करें और साथ ही अपनी अभ्यर्थिता के समर्थन में अन्य अतिरिक्त दस्तावेज जैसे शोध-पत्रों की सूची आदि संलग्न करें।**

ix. चयनित अभ्यर्थी को भारत में और भारत के बाहर सेवा करने के लिए कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है।

**6. <u>आवेदन करने का तरीका:</u>**

क. पात्र अभ्यर्थी वैध ईमेल आईडी का उपयोग करते हुए हमारे ऑनलाइन पोर्टल https://recruitment.dst.gov.in/ के जरिए केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने हेतु यह ऑनलाइन पोर्टल एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में विज्ञापन की तिथि से 60 दिन की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगा। **किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे और सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिए जाएंगे। आवेदन की हार्ड कॉपी जमा करना आवश्यक नहीं है।**

ख. आवेदकों को ऑनलाइन पोर्टल पर प्रासंगिक प्रमाणपत्र/दस्तावेज (शैक्षणिक और अनुभव योग्यता, जन्म तिथि, विकलांगता, समुदाय, जाति आदि के समर्थन में) अपलोड करना भी आवश्यक है। अस्पष्ट/गलत प्रमाण पत्र/दस्तावेज अपलोड करने पर आवेदन अस्वीकृत हो सकता है। अभ्यर्थियों को आवश्यकतानुसार प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे।

ग. **कार्य/अनुसंधान कार्य के अनुभव/नियोजन के प्रमाण पत्र में कार्य-भार-ग्रहण-तिथि, कार्यमुक्ति तिथि और पद के वेतन स्तर सहित धारित पद का साफ-साफ उल्लेख होना चाहिए ।** यदि किसी अभ्यर्थी ने एक ही संगठन में विभिन्न स्तरों/पदों (पदोन्नति आदि के कारण) पर काम किया है, तो अनुभव/ नियोजन के प्रमाण-पत्र में प्रत्येक स्तर/पद (स्पष्ट रूप से प्रत्येक स्तर/पद का दिनांक दर्शाते हुए) पर व्यतीत समय को 'से' और 'तक' तिथियों को स्पष्ट रूप से इंगित करना चाहिए । विनिर्दिष्ट प्रारूप अनुलग्नक-I पर है।

घ. आवेदक को आवश्यकतानुसार आवेदन में किए गए दावे के संबंध में मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

ङ. डॉक्टरेट डिग्री धारक अभ्यर्थियों को पंजीकरण की तिथि और पीएचडी डिग्री प्राप्त करने की तिथि का प्रमाण अनुलग्नक-ii में विनिर्दिष्ट प्रारूप में रजिस्ट्रार द्वारा विधिवत प्रमाणित कराकर अपलोड करना होगा।

च. विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा जारी प्रमाणपत्रों को समतुल्यता प्रमाण-पत्र के रूप में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू), नई दिल्ली द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए। तथापि, ऐसे मामलों में जहां एआईयू विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त उन विषयगत ऐसी व्यावसायिक डिग्रियों की समतुल्यता के आवेदनों पर विचार नहीं करता है जो वर्तमान में एआईयू के अधिकार-क्षेत्र से बाहर हैं और जहां ऐसे मामले संबंधित व्यावसायिक

Cont. Pg 6

परिषदों (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) द्वारा देखें जाते हैं, आवेदक को ऐसी व्यावसायिक परिषद द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण पत्र (पत्रों) को अपलोड करने की आवश्यकता है। अभ्यर्थियों को आवश्यकतानुसार सभी मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे।

छ. सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं आदि में कार्यरत अभ्यर्थियों को उस संगठन के सक्षम प्राधिकारी से, जहां वे सेवारत हैं, अनुलग्नक-II में विनिर्दिष्ट-अनुसार **अनापत्ति प्रमाण पत्र** (एनओसी) अपलोड करना होगा। यदि निर्धारित समयावधि में एनओसी प्राप्त नहीं की जा सकती है, तो अभ्यर्थी को वचन-बंध अपलोड करना होगा कि वह साक्षात्कार प्रक्रिया के समय एनओसी जमा करेगा, ऐसा नहीं करने पर, उसकी अभ्यर्थिता सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दी जाएगी।

<u>विज्ञापन के हिंदी और अंग्रेजी पाठ के बीच किसी भी विसंगति की स्थिति में, विज्ञापन का अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।</u>

(लिली माल)
**अवर सचिव, भारत सरकार**

**अनुलग्नक-I**

## अनुभव प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री........................पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री......................इस संगठन/विभाग/मंत्रालय के कर्मचारी/शोधकर्ता थे/हैं और उनके पास निम्नलिखित अनुभव है/हैं: -

I. पद का नाम:

II. वेतन स्तर (यदि कोई हो):

III. अनुभव का ब्यौरा (नौकरी/अनुसंधान कार्य):

IV. अवधि: .................. से ..................... तक

हस्ताक्षर

सक्षम प्राधिकारी का नाम

सक्षम प्राधिकारी की मुहर

टिप्पणी: प्रत्येक पद/अनुसंधान कार्य/नियोक्ता के लिए अलग-अलग अनुलग्नक भरे जाएं।

**अनुलग्नक-II**

<u>जिससे भी संबंधित हो</u>

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती........................ पुत्र/पुत्री...................... पंजीकरण संख्या......................, इस विश्वविद्यालय/संस्थान में पीएच.डी. पाठ्यक्रम में निम्नानुसार पंजीकृत/नामांकित हैं:

i. पीएचडी के लिए पंजीकरण/नामांकन की तिथि: ____________________
ii. पीएचडी प्रारंभ होने की तिथि: ____________________
iii. पीएच.डी. डिग्री पूरी होने की तिथि____________________

**रजिस्ट्रार का हस्ताक्षर**
**कार्यालय की मुहर सहित**

**अनुलग्नक-III**

**प्रमाणपत्र**

**(संगठन/कार्यालय प्रमुख द्वारा दिया जाए)**

(i) प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री ..................................... ने इस संगठन में ......................... (पद का नाम) के रूप में वेतन स्तर .................. (7वें सीपीसी के अनुसार) में .................... (कार्यग्रहण की तिथि) को कार्यभार ग्रहण किया तथा वर्तमान में .................... (पद का नाम) के रूप में वेतन स्तर .................... (7वें सीपीसी के अनुसार) में.................... (कार्यग्रहण की तिथि) से कार्यरत हैं।

(ii) यह भी प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता कार्यवाही न तो लंबित है और न ही प्रस्तावित है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जाती है।

(iii) श्री/श्रीमती/सुश्री ..................................... का ......................... पद पर आवेदन अनुशंसित है। उनके चयन की स्थिति में, विभाग/संगठन उन्हें कार्यमुक्त कर देगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के संबंध में संवर्ग अनापत्ति भी प्राप्त कर ली गई है।

**स्थान:**
**दिनांक:**

**संगठन/कार्यालय प्रमुख का हस्ताक्षर**
**कार्यालय की मुहर सहित**